# धामी मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

**मंत्रिमंडल की बैठक**

8 05 दिवसीय हैली दर्शन यात्रा कार्यक्रम 06 माह की अवधि के लिए होगा संचालित, गढ़ी नेगी क्षेत्र को नगर पंचायत बनाने का निर्णय

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मंत्रिमंडल की बैठक में सोमवार को प्राथमिक शिक्षक में बीएड अनिवार्यता को समाप्त करने के साथ ही हेली दर्शन यात्रा, कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग, गढ़ी नेगी क्षेत्र को नगर पंचायत बनाने, शोधार्थियों को छात्रवृत्ति देने, उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति को प्रख्यापित, अटल आयुष्मान में प्रतिपूर्ति बढ़ाने सहित कई अहम निर्णय लिए गए हैं।
सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसके बाद सचिव शैलेश बगोली ने बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अटल आयुष्मान योजना में डायलिसिस की प्रतिपूर्ति पहले 50 प्रतिशत की धनराशि की जगह अब 100 प्रतिशत राशि दी जाएगी। उक्त शासनादेश में विहित व्यवस्था में क्लेम धनराशि (निर्धारित पैकेज की दरों) के 50 प्रतिशत अंश का भुगतान राजकीय चिकित्सालयों को किये जाने का प्रावधान है। इससे राजकीय चिकित्सालयों में पीपीपी मोड पर संचालित "डायलिसिस केन्द्रों" के संबंधित सेवा प्रदाताओं को पैकेज की दरों का 100 प्रतिशत भुगतान होगा और लाभार्थियों को डायलिसिस की सेवा निर्बाध रूप से प्राप्त होगी।
उन्होंने बताया कि कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत विश्व बैंक सहायतित उत्तराखण्ड वर्कफोर्स डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में 630 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पर मुहर लगी। राज्य के चिन्हित कुल 24 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, कुशल कर्मकारों की संख्या में वृद्धि एवं प्रशिक्षण संस्थानों को तकनीकी सहायता आदि उद्देश्यों की



पूर्ति के लिए विश्वबैंक के सहयोग से 92.5 मिलियन यूएसडी डॉलर की उत्तराखंड वर्कफोर्स डेवलपमेंट परियोजना संचालित है, जिसे मार्च 2024 तक विस्तारित किया गया है। परियोजना का ग्रेस पीरियड 30 जून 2024 तक प्रभावी रहेगा।
ऊर्जा विभाग लखवाड़ बहुउद्देशीय योजना में पुनर्स्थापन नीति को हरी झंडी दी है। इसके तहत प्रभावित परिवारों के लिए परिवार की गणना, पुनर्स्थापन अनुदान एवं विशेष पुनर्वास/रोजगार अनुदान अनुमन्य किये जाने हेतु पूर्व निर्धारित कट ऑफ डेट को संशोधित किया गया है। 25 जुलाई 2018 को प्रभावी न्यूनतम कृषि मजदूरी के स्थान पर माह मार्च, 2023 को प्रभावी न्यूनतम कृषि मजदूरी की दरों के अनुसार लखवाड़ परियोजना के प्रभावित परिवारों के लिए संशोधित/अनुमन्य करने के प्रकरण पर मंत्रिमण्डल की ओर से अनुमोदन मिला है।नियोजन विभाग के अंतर्गत "उत्तराखण्ड सेवा क्षेत्र नीति-2024" के प्रख्यापन नीति को मंजूरी मिली है। यह नीति 31 दिसंबर 2030 तक लागू रहेगी। शहरी विकास के अंतर्गत गढ़ी नेगी क्षेत्र को नगर पंचायत बनाने का निर्णय लिया गया। उच्च शिक्षा विभाग में मेधावी छात्रों को, पीएचडी छात्रों को, सरकारी संस्थानों में 100 शोधार्थियों को छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया गया है। अब 5000 हजार रुपये प्रतिमाह 3 साल तक उन छात्रों को दिया जायेगा, जिनको कोई छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए यूआईडीबी के माध्यम से क्रियान्वयन होगा। पर्यटन विभाग के अंतर्गत राजकीय होटल मैनेजमेंट संस्थान देहरादून एवं अल्मोड़ा के लिए नियमावली को प्रख्यायित करने को मंजूरी मिली है। शहरी विकास विभाग के अंतर्गत गढ़ी नेगी क्षेत्र काशीपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने को मंजूरी मिली है।
शिक्षा विभाग के अंतर्गत उत्तराखण्ड राजकीय प्रारम्भिक शिक्षा (अध्यापक) (संशोधन) सेवा नियमावली, 2012 (यथासंशोधित) में संशोधन को मंजूरी मिली है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के अनुपालन में सहायक अध्यापक प्राथमिक पद के लिए निर्धारित अर्हताओं में से बीएड डिग्री की अनिवार्यता को समाप्त किया गया है। हरिद्वार और हरार्वाला के नए हॉस्पिटल को पीपीपी मोड पर संचालित करने का निर्णय लिया गया। उड़ान योजना के अंतर्गत जो सेवाएं चल रही हैं उसमें समूह क को सुविधा मिल रही थी अब उड़ान योजना की सुविधा ठीक उसी तरह समूह ख को मिलेगी।
इसके अलावा राज्य में उड़ान योजना के अन्तर्गत समूह ग एवं ख के कार्मिकों/अधिकारियों को राज्य के अंदर हवाई सेवा सुविधा प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया। सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्मिक इस योजना के तहत शासकीय यात्रा के साथ एलटीसी में भी इस सुविधा का उपयोग कर सकेंगे।पुलिस उपाधीक्षक कनिष्ठ वेतनमान (पदोन्नत कोटा) के पदों पर पदोन्नति के लिए सभी पोषक संवर्ग (नागरिक पुलिस अभिसूचना एवं पीएसी) के निरीक्षक/दलनायकों को समान अवसर दिये जाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड पुलिस सेवा (संशोधन) नियमावली, 2024 के प्रख्यापन का निर्णय लिया गया है।जनपद पिथौरागढ़ में अवस्थित आदि कैलाश, ओम पर्वत हैली दर्शन सेवा पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शरद माह में 05 दिवसीय हैली दर्शन यात्रा कार्यकम 06 माह की अवधि के लिए 10 अप्रैल 2024 से संचालन का निर्णय लिया गया है।
इन्वेस्टर समिट दिसम्बर 2023, के क्रम में इन्वेस्टेबल प्रोजेक्ट के रूप में चिन्हित स्वास्थ्य इकाइयों को दीर्घकालिक लीज पर निजी सेवाप्रदाता का निर्णय लिया गया है। कैंसर चिकित्सालय हरार्वाला 300 बेड व मातृ शिशु चिकित्सा संस्थान 200 बेड के संचालन को पीपीपी के माध्यम से संचालित करने को मंजूरी मिली है। इन चिकित्सालयों के संचालन से आमजन को कैंसर से सम्बन्धित समस्त जांच, परामर्श, रोडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी और अन्य उच्च स्तरीय निदान, जिसमें शल्य क्रिया शामिल है।ऊर्जा विभाग के अंतर्गत लखवाड़ बहुद्देश्यीय परियोजना के लिए पुनर्स्थापन नीति को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अंतर्गत मजदूरी दर संशोधित की गई। कौशल विकास विभाग के अंतर्गत 630 करोड़ के वर्क फोर्स प्रोजेक्ट को स्वीकृत किया गया। पुरोला कालाढूंगी को नगर पालिका बनाये जाने के लिये निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया।

## दो आरोपित गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
डबल टायर ट्राली का सामान चोरी करने के दो आरोपितों को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर हुए चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त एक वाहन को भी सीज किया है। जानकारी के मुताबिक बीते रोज लक्सर कोतवाली क्षेत्र निवासी राकेश कुमार पुत्र अतर सिंह ग्राम डुगंरपुर कोतवाली लक्सर ने पुलिस को तहरीर देकर डबल टायर ट्राली से चार टायर, ट्यूब व रिम आदि की चोरी कर लिए जाने के संबंध में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपित को पकड़ने के लिए घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर ही



02 आरोपितों को चोरी के सामान व घटना में प्रयुक्त वाहन के साथ नन्दपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम जौनी पुत्र विनोद निवासी दरगाहपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार व सय्याद पुत्र जहूर हसन निवासी मोहम्मदपुर, कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## पुलिस उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण



— आदेश —

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की ओर से जिले में कई पुलिस उप निरीक्षक, अपर उप निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय से जारी आदेश में उपनिरीक्षक विनोद कुमार को चौकी प्रभारी त्रिवेणीघाट कोतवाली ऋषिकेश से कोतवाली ऋषिकेश भेजा गया है। उपनिरीक्षक प्रकाश पोखरियाल को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी त्रिवेणी घाट कोतवाली ऋषिकेश और उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह को चौकी प्रभारी धारा कोतवाली नगर पुलिस लाइन से पुलिस कार्यालय तैनाती की गई है। उपनिरीक्षक आशीष कुमार को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी धारा कोतवाली और अपर उपनिरीक्षक उम्मेद सिंह को पुलिस लाइन से सेलाकुई भेजा गया है।

## स्मैक के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**ड्रग्स फ्री मिशन**

8 ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत भगवानपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत भगवानपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।
जानकारी के मुताबिक जनपद की भगवानपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान रायपुर भगवानपुर रोड इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प के समीप मक्खनपुर जाने वाली गली से एक व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी लेने पर युवक के पास से 17 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपित का



नाम मोहम्मद अहमद पुत्र यूनुस निवासी ग्राम मक्खनपुर महमूदपुर आलम थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार बताया गया है। आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न मामलों में चार मुकदमें दर्ज हैं। आरोपित ने बताया कि उक्त स्मैक को उसने मक्खनपुर, महमूदपुर आलम निवासी मुराद से खरीदी थी। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी है।

## उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव पर हिमाचल प्रदेश में मुकदमा दर्ज, क्रॉस वोटिंग का आरोप




**क्रॉस वोटिंग**

8 पूर्व मुख्य सचिव राकेश शर्मा केराज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के विरुद्ध वोटिंग की थी।

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव राकेश शर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। हिमाचल के बालूगंज थाने में यह एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन पर हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में वोटों की खरीद करके क्रॉस वोटिंग कराने के आरोप है। एफआईआर में एक विधायक को भी नामजद किया गया है।
पूर्व मुख्य सचिव राकेश शर्मा के पुत्र चैतन्य शर्मा हिमाचल की गगरेट सीट से कांग्रेस के विधायक हैं।
उन्होंने राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के विरुद्ध वोटिंग की थी। इस मामले में कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी और भुवनेश्वर गौर की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है।
भारतीय दंड संहिता की धारा 171 सी और ई के साथ 120 बी व पीसी एक्ट की धारा 7 और आठ के तहत दर्ज इस एफआईआर में राकेश शर्मा एवं एक निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा को भी आरोपित बनाया गया है।
उल्लेखनीय है कि हिमाचल में कांग्रेस के बागी विधायकों के साथ ही भाजपा के कुछ विधायकों को उत्तराखंड के ऋषिकेश में भेजा गया है। ये सभी कड़ी सुरक्षा के बीच यही जमे हुए हैं।

## देहरादून-लखनऊ-देहरादून वंदे भारत का शुभारंभ व विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास आज

**लोकार्पण**

8 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मार्च को रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मार्च (मंगलवार) को रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसमें देहरादून-लखनऊ-देहरादून वंदे भारत का शुभारंभ और एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल भी शामिल है। इस कार्यक्रम का प्रसारण हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर किया जाएगा।



निशंक ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि वंदे भारत सेमी हाईस्पीड ट्रेन का संचालन पर्वतीय राज्य के विकास लिए एक मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि उत्तराखंड देवभूमि के साथ-साथ एक बड़े पर्यटन क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। इस ट्रेन के संचालन से देवभूमि में आने वाले चार धाम यात्रियों, पर्यटकों, उद्योग जगत एवं स्थानीय निवासियों को लाभ मिलेगा।
उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड में 17000 करोड़ से अधिक की तीन नई रेलवे ट्रैक परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इस साल के बजट में उत्तराखंड को रेल हेतु 5120 करोड़ का रिकॉर्ड आवंटन मिला है और 11 रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशनों के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है।
डॉ निशंक ने कहा कि जो काम हरिद्वार में पिछले 60 सालों में नहीं हुए, वह मात्र 10 वर्षों में हुए हैं। यह ऐतिहासिक है। इस ट्रेन के संचालन से उद्योग जगत, पर्यटन क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिलेगा। इसी क्रम में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन हम सबके बीच में इसका उदाहरण है जिसमें कई सुरंग और पुल बना दिए गए हैं। दोहरीकरण सर्वे का कार्य किया गया। रायवाला, डोईवाला, हरार्वाला और देहरादून स्टेशनों पर 18 कोच वाली ट्रेनों के लिए परिचालन सुविधा का विस्तार किया गया। योग नगरी ऋषिकेश के भव्य स्टेशन पर ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर यात्री सुरक्षा का विस्तार करते हुए हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर एक्स-रे मशीन की स्थापना के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे एवं मेटल डिटेक्टर के साथ स्टेशन पर बेहतर प्रबंधन के लिए गर्मियों की भीड़ और त्योहारों के मौसम में विशेष व्यवस्था के रूप में रेलवे सुरक्षा बल के जवानों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। हरिद्वार, देहरादून और योग नगरी ऋषिकेश स्टेशन पर लिफ्ट सुविधा के अलावा रायवाला, ढंडेरा, ऐथल, पथरी, ज्वालापुर, ऋषिकेश में नये फुट ओवर ब्रिज रुड़की रेलवे स्टेशन का सौंदर्यकरण, पाडली गुज्जर अंडरपास का निर्माण संपन्न हुआ, लक्सर में ओवर ब्रिज का निर्माण संपन्न हुआ।

## उत्तराखंड में फिर बदलेगा मौसम, बारिश के साथ लौटेगी ठंड

**मौसम का मिजाज**

8 दिन और रात के तापमान में सामान्य से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में सोमवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला दिखा। पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश होने से ठंड फिर लौट सकती है, जबकि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। दिन और रात के तापमान में सामान्य से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की जा



सकती है।
मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अब होने वाली बारिश का तापमान पर कोई खास असर नहीं दिखाई देगा।
प्रदेश भर में मार्च के तीसरे सप्ताह के शुरूआती दिनों में मौसम बदला रहेगा। 14 मार्च के बाद मौसम शुष्क रहेगा। शुष्क मौसम के कारण अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।
मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि 11 से 13 मार्च तक पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। इस बारिश का तापमान पर कोई खास असर नहीं दिखाई देगा। 14 मार्च के बाद प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। सोमवार को अधिकतम तापमान 26 तो न्यूनतम 14 सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर जिला एथलेटिक एसोसिएशन हरिद्वार एवं डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स अकादमी हरिद्वार के संयुक्त तत्वाधान में केवी इंटर कॉलेज लक्सर के कीड़ा मैदान में बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हरिद्वार जनपद के विभिन्न क्षेत्र से आई बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन से पूर्व सभी खिलाड़ियों एवं अतिथियों के द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ लक्सर क्षेत्र के समाजसेवी एवं नेशनल मास्टर्स गेम के मेडलिस्ट एथलीट विजय पाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के अंत में गोल्डन माइल रन (1600 मी दौड़) का आयोजन भी किया गया, जिसमें बालक वर्ग में ड्रीम ओलंपिक स्पोर्ट्स अकेडमी रुड़की के बालकों का बोलबाला रहा, जबकि बालिका वर्ग में रोजलाइंस स्पोर्ट्स अकादमी की बालिकाओं ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए विजय प्राप्त की।

## गैर बिरादरी में किया प्रेम विवाह तो गांव से होगा हुक्का-पानी बंद

**बैठक**

8 समाजसेवी सोनू कश्यप की अध्यक्षता में गांव के सभी सर्व समाज के लोगों की एक बैठक हुई

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अंबेडकर पार्क शिवदासपुर उर्फ तेलीवाला में समाजसेवी सोनू कश्यप की अध्यक्षता में गांव के सभी सर्व समाज के लोगों की एक बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि अलग-अलग बिरादरियों की लड़का-लड़की प्रेम प्रसंग के चलते हुए यदि प्रेम विवाह करते हैं तो उनका बिरादरी से हुक्का-पानी बंद किया जाएगा।



बैठक में लोगों का कहना था कि आजकल के नए लड़के-लड़कियां, जो प्रेम में पड़कर घर से फरार हो रहे हैं, जिस कारण से गांव के अंदर माहौल खराब हाता है और एक-दूसरे की दुश्मनी बढ़ रही है।
बैठक में कश्यप समाज ने तय किया कि अगर कोई कश्यप समाज का लड़का या लड़की किसी भी बिरादरी के साथ गांव से फरार होते हैं तो उनका हुक्का-पानी बंद करते हुए गांव में नहीं रहने दिया जाएगा।
बैठक में समाजसेवी सोनू कश्यप, प्रधान अली नवाज, समाजसेवी मीर आलम, जीशान अली, नाजिम, पूर्व प्रधान जान आलम, करण पाल मास्टर, सुरेश सैनी, बसंत सैनी, पंकज सैनी, पॉपीन राणा, टिल्लू सैनी, दिनेश सैनी, महेंद्र प्रधान, धन सिंह कश्यप, सुरेश कश्यप, धर्मपाल कश्यप, पूर्ण कश्यप, अंबेडकर समिति अध्यक्ष पंकज कुमार, रविदास समिति विनोद कुमार, युवक मंगल दल अनुज कुमार, मनोज मास्टर समेत अन्य मौजूद रहे।

## कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची शीघ्र जारी होगी: कुमारी शैलजा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची शीघ्र ही जारी कर दी जाएगी। यह जानकारी सोमवार को उत्तराखंड पहुंची कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने दी।


उत्तर रेलवे
निविदा आमंत्रण सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 08/वरिष्ठ म.वि.अभि./[illegible]/मुरा./2024:- मुरादाबाद मंडल के [illegible] में अमृत भारत स्टेशनों के लिए [illegible] का प्रावधान। | 23171070.00 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 265900.00 | 12 (बारह) माह | निविदायें दिनांक 03.04.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं0: 10/2024 दिनांक :- 11.03.2024
786/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारत पर दवाब बनाने की फिराक में पाकिस्तान, BCCI से ये डिमांड करेगा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड




**नई दिल्ली.**पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई पर दबाव बनाने का नया पैंतरा खेला है। पीसीबी के नए चेयरमैन मोहसिन नकवी पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत की भागेदारी के लिए आश्वस्त होना चाहते हैं। अगले सप्ताह जब दुबई में आईसीसी की मीटिंग होगी तो पीसीबी चेयरमैन उसमें एक डिमांड रखेंगे कि बीसीसीआई जल्द से जल्द इस बात की पुष्टि करे कि भारत की टीम पाकिस्तान आएगी। भारतीय टीम साल 2008 से पाकिस्तान के दौरे पर नहीं गई है और ना ही दोनों टीमों के बीच साल 2012 से कोई द्विपक्षीय सीरीज खेली गई है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। दोनों देशों की क्रिकेट टीम अक्सर आईसीसी इवेंट या फिर एशिया कप में एकदूसरे के आमने-सामने होते हैं। पाकिस्तान की टीम आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के लिए भारत आई थी। ऐसे में भारत पर पाकिस्तान जाने का दवाब बन सकता है, जिसकी तैयारी पीसीबी अभी से कर रही है। पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नकवी आईसीसी कार्यकारी बोर्ड और बीसीसीआई सचिव जय शाह से मुलाकात करेंगे, जहां वह पाकिस्तान जाने वाली भारतीय टीम के लिए आश्वासन की तलाश करेंगे। मेगा आईसीसी टूर्नामेंट अगले साल फरवरी-मार्च में खेला जाएगा। पिछले कुछ साल में कई देश पाकिस्तान का दौरा कर चुके हैं। ऐसे में पाकिस्तान आईसीसी पर भी दवाब बनाएगा कि वे भारत को पाकिस्तान जाने के लिए कहें। हालांकि, फैसला बीसीसीआई को लेना है। पीसीबी के सूत्र ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए सुझाए गए हाइब्रिड मॉडल को लेकर कहा, पीसीबी के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि क्या भारत अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा और क्या पिछले साल के एशिया कप का रिपीट नहीं होगा?पीसीबी ने 2023 में ही एशिया कप के लिए हाइब्रिड मॉडल बनाया था। ऐसे में आईसीसी के इस इवेंट के लिए भी बीसीसीआई इसी बात पर जोर दे सकती है कि ये टूर्नामेंट भी हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित कराया जाए।

सूत्र ने आगे बताया, -यह आईसीसी का आयोजन है और पाकिस्तान पिछले साल विश्व कप के लिए भारत गया था। नकवी आईसीसी और बीसीसीआई को समझाने की कोशिश करेंगे कि उन्हें यह पुष्टि करनी होगी कि भारत जल्द से जल्द पाकिस्तान आएगा, क्योंकि इससे उनके लिए चैंपियंस ट्रॉफी को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

नकवी बीसीसीआई प्रतिनिधियों को आश्वस्त करने की कोशिश करेंगे कि (पाकिस्तान में) चुनाव संपन्न होने और नई सरकार आने के बाद, उन्हें पाकिस्तान में खेलने के लिए कोई सुरक्षा या अन्य चिंताएं नहीं होंगी।- बीसीसीआई के सूत्र ने इस मसले पर कहा, पाकिस्तान में खेलना कुछ ऐसा है जिस पर केवल भारत सरकार ही निर्णय ले सकती है और बीसीसीआई को सरकार के आदेश का पालन करना होगा। इसके अलावा सरकार से अनुमति मांगना भी जल्दबाजी होगी और अगर उनके नए अध्यक्ष फरवरी-मार्च 2025 में टूर्नामेंट के लिए मार्च 2024 में किसी तरह के आश्वासन की उम्मीद कर रहे हैं, तो वह गलत है।

## शार्दुल ठाकुर इस पेसर के रिटायरमेंट पर हुए इमोशनल, बोले- जब मेरे पास पैसे नहीं थे तो उन्होंने मुझे...

**नई दिल्ली.**टीम इंडिया और मुंबई के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर अपने लंबे समय के साथी धवल कुलकर्णी के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए भावुक हो गए। धवल कुलकर्णी रणजी ट्रॉफी 2024 फाइनल के बाद क्रिकेट से रिटायरमेंट ले रहे हैं। वे इस समय विदर्भ के खिलाफ मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला खेल रहे हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज को ट्रिब्यूट देते हुए शार्दुल ठाकुर ने बताया कि धवल कुलकर्णी ने उनकी बहुत मदद की थी। धवल ने शार्दुल ठाकुर को उस समय जूते दिए थे, जब जब उनके पास उन्हें खरीदने के लिए पैसे नहीं थे।

शार्दुल ठाकुर ने मुंबई को फाइनल में पहुंचाने में अहम योगदान दिया।

उन्होंने सेमीफाइनल में शतक जड़ा था, जबकि फाइनल में भी पहली पारी में उनके बल्ले से अर्धशतक निकला। इसके बाद दो विकेट भी मुंबई को उन्होंने शुरुआत में दिलाए। शार्दुल ठाकुर ने दिन के बाद में धवल कुलकर्णी की तारीफ करते हुए कहा, यह (उनका आखिरी फर्स्ट क्लास गेम खेलना) उनके और मेरे लिए बेहद भावनात्मक क्षण था, क्योंकि मैंने उन्हें बचपन से देखा है। उन्होंने कई बार मेरी गेंदबाजी में भी मदद की है। जब मेरे पास जूते खरीदने के पैसे नहीं थे तो उन्होंने मुझे कुछ जोड़ी जूते भी दिये। उन्होंने मेरी बहुत मदद की है।

अपनी पारी को लेकर शार्दुल ठाकुर ने कहा, मुझे कठिन परिस्थितियों में खेलना पसंद है। जिस तरह का जीवन मैंने ट्रेन में किट बैग के साथ पालघर से मुंबई तक की यात्रा करते हुए जीया है। आप जानते हैं कि यह आसान नहीं था। इसलिए, मुझे लगता है कि इससे मैं सख्त हो गया हूं। और जब भी मुझे किसी कठिन परिस्थिति, चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ता है, तो यह अलग नहीं होता है। मैं बस उस मानसिकता का उपयोग करता हूं जो बचपन में बड़े होने पर मेरी थी। शार्दुल ठाकुर टीम इंडिया के लिए कुछ पारियां कठिन परिस्थिति में खेल चुके हैं।

## अगले साल CSK की कप्तानी कर सकते हैं रोहित शर्मा, आने वाले 5-6 साल... अंबाती रायुडू ने क्यों कहा ऐसा

**नई दिल्ली.एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले हुए मिनी ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस ने ऑल कैश डील करते हुए गुजरात टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी करा दी थी। हार्दिक पांड्या ने अपना आईपीएल करियर मुंबई इंडियंस के साथ ही शुरू किया था और रोहित शर्मा की कप्तानी में अपना नाम बनाया था। 2024 आईपीएल से पहले मुंबई इंडियंस ने रोहित की जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया था। जिसके बाद से इस तरह की खबरें आने लगी थीं कि रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ सकते हैं, हालांकि ऐसा कुछ हुआ नहीं।

आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन की बात हो रही है अब ऐसे में रोहित शर्मा किसी और फ्रेंचाइजी टीम के साथ जुड़ते हुए नजर आ सकते हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके और एमएस धोनी की कप्तानी में चेन्नईसुपरकिंग्स (सीएसके) के लिए खेल चुके अंबाती रायुडू ने रोहित को लेकर कुछ बातें कही हैं।न्यूज 24 स्पोर्ट्स पर अंबाती ने कहा, रोहित शर्मा अभी कम से कम पांच-छह साल और आईपीएल में खेल सकते हैं, अगर रोहित कप्तानी करना चाहते हैं, तो पूरी दुनिया उनके लिए खुली हुई है। वह जिस भी टीम के लिए चाहें कप्तानी कर चुके हैं। मैं चाहता हूं कि रोहित शर्मा आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेलें, अगर महेंद्र सिंह धोनी संन्यास लेते हैं, तो ऐसे में रोहित शर्मा सीएसके की कप्तानी कर सकते हैं।

न्यूज 24 स्पोर्ट्स पर अंबाती ने कहा, रोहित शर्मा अभी कम से कम पांच-छह साल और आईपीएल में खेल सकते हैं, अगर रोहित कप्तानी करना चाहते हैं, तो पूरी दुनिया उनके लिए खुली हुई है। वह जिस भी टीम के लिए चाहें कप्तानी कर चुके हैं। मैं चाहता हूं कि रोहित शर्मा आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेलें, अगर महेंद्र सिंह धोनी संन्यास लेते हैं, तो ऐसे में रोहित शर्मा सीएसके की कप्तानी कर सकते हैं।

मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा की कप्तानी में पांच खिताब जीते हैं और चेन्नई सुपरकिंग्स ने एमएस धोनी की कप्तानी में पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। रोहित और धोनी दोनों ही आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तान हैं और दोनों ही टीमें भी आईपीएल इतिहास की सबसे सफल फ्रेंचाइजी टीमें हैं। रायुडू को लगता है कि रोहित सीएसके के कल्चर में एकदम फिट हो सकते हैं।

## IPL 2024 से पहले रिकी पोंटिंग ने दिया ऋषभ पंत की फिटनेस पर लेटेस्ट अपडेट, बोले- हमें चिंताएं थीं कि...



**नई दिल्ली.** दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले ऋषभ पंत और उनकी फिटनेस पर लेटेस्ट अपडेट दिया है। आईसीसी रिव्यू पर पोंटिंग ने कहा है कि ऋषभ पंत ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में विकेटकीपिंग शुरू कर दी है। यह पंत की आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स और भारत के फैंस के लिए खुशी की खबर है जो भारतीय क्रिकेटर के बारे में अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

दिसंबर 2022 में कार एक्सीडेंट के बाद पंत ने अभी तक किसी भी प्रकार का कोई कॉम्पिटेटिव क्रिकेट नहीं खेला है। दिल्ली से अपने घर रुड़की जाते हुए पंत की कार का एक्सीडेंट हुआ था। पिछले 15 महीनों में उन्हें सर्जरी और रिहैब के कठिन दौर से गुजरना पड़ा है।पोंटिंग ने बताया कि टीम प्रबंधन ने अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं किया है कि क्या ऋषभ आईपीएल 2024 में फुल टाइम, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि कीपर ने प्रगति करने के लिए जबरदस्त प्रयास किया है।

पोंटिंग ने कहा, यह एक बड़ा निर्णय है जो हमें लेना होगा क्योंकि अगर वह फिट है, तो आप सोचेंगे कि वह सीधे कप्तानी की भूमिका में वापस आ जाएगा। अगर वह पूरी तरह से फिट नहीं है और हमें उसे थोड़ी अलग भूमिका में इस्तेमाल करना है, तो हमें कुछ निर्णय लेने होंगे।पोंटिंग ने आगे कहा, वास्तव में उन्होंने पिछले कुछ हफ्तों में कुछ प्रैक्टिस मैच खेले हैं, जो वास्तव में हमारे लिए उत्साहजनक रहा है। मुझे पता है कि जिस स्तर पर वह अभी है उसे वापस पाने के लिए उसने अपने शरीर और अपनी फिटनेस पर अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है। उन्हें उन मैचों में से एक में रखा गया है जिसमें उन्होंने फील्डिंग की है।

## ऋचा घोष की मदहोश कर देने वाली पारी...आखिरी गेंद पर रन आउट ने तोड़ा दिल; नम हुईं आंखे




**नई दिल्ली.** WPL 2024 में एक के बाद एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। शनिवार को हरमनप्रीत कौर की तूफानी पारी के दम पर मुंबई इंडियंस आखिरी 6 ओवर में 91 रन बनाने में कामयाब रही थी और कप्तान के इस लाजवाब प्रदर्शन के दम पर टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था। वहीं रविवार को दिल्ली कैपिटल्स ने करीबी मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को मात्र 1 रन से हराकर प्लेऑफ का टिकट कटाया। इस मैच में आरसीबी को जरूर हार का सामना करना पड़ा हो, मगर उनकी विकेट कीपर बैटर ऋचा घोष ने एक ऐसी पारी खेली जिससे हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। हालांकि उनकी इस पारी का अंत आखिरी गेंद पर रन आउट से हुआ जिसने करोड़ो क्रिकेट प्रेमियों का दिल तोड़ा।

दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में आरसीबी को जीत के लिए 182 रनों का टारगेट दिया था। बैंगलोर ने 19वें ओवर तक 5 विकेट के नुकसान पर 165 रन बोर्ड पर लगा दिए थे। इक्वेशन ये थी कि आरसीबी को मैच जीतने के लिए आखिरी 6 गेंदों पर 17 रनों की दरकार थी।

ऋचा घोष ने फाइनल ओवर की पहली और पांचवी गेंद पर छक्का लगाकर मैच में रोमांच का तड़का लगा दिया, हालांकि इसके बीच डली तीन गेंदों में भी भरपूर ड्रामा देखने को मिला। ऋचा घोष को स्ट्राइक पर लाने के प्रयास में दिशा कसाट रन रन आउट हुईं, वहीं चौथी गेंद पर 2 रन लेकर ऋचा ने आरसीबी को मैच में बनाए रखा।

दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में आरसीबी को जीत के लिए 182 रनों का टारगेट दिया था। बैंगलोर ने 19वें ओवर तक 5 विकेट के नुकसान पर 165 रन बोर्ड पर लगा दिए थे। इक्वेशन ये थी कि आरसीबी को मैच जीतने के लिए आखिरी 6 गेंदों पर 17 रनों की दरकार थी।

## ऑस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में मारी बाजी, न्यूजीलैंड का 2-0 से किया सूपड़ा साफ



**नई दिल्ली.एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को क्राइस्टचर्च टेस्ट में 3 विकेट से हराकर दो मैच की सीरीज में मेजबानों को 2-0 से सूपड़ा साफ किया। दूसरे टेस्ट को जीतने के लिए कंगारुओं को 279 रनों का टारगेट मिला था। इस स्कोर को ऑस्ट्रेलिया ने एलेक्स कैरी की 98 रनों की नाबाद पारी के दम पर 3 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। मिचेल मार्श का भी इस रनचेज में अहम रोल रहा, उन्होंने 80 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं कप्तान पैट कमिंस अंत में 32 रन बनाकर कैरी के साथ नाबाद रहे। दोनों के बीच 8वें विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई। एक समय ऐसा था जब कंगारुओं की आधी टीम 80 के स्कोर पर पवेलियन लौट गई थी तब कैरी ने मार्श के साथ मिलकर 140 रन जोड़े और टीम को जीत की राह दिखाई।

इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के रूप में काफी कुछ हासिल कर लिया है।

बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में सस्ते में सिमट गई। मेजबान टीम का कोई भी बल्लेबाज क्राइस्टचर्च टेस्ट की पहली पारी में 40 से अधिक रन नहीं बना पाया, नतीजा यह रहा कि पूरी टीम 162 रनों पर ढेर हो गई। जोश हेजलवुड ने इस दौरान पंजा खोला, वहीं मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट चटकाए। स्टार्क इन तीन विकेट के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में चौथे पायदान पर पहुंचे।

न्यूजीलैंड के इस स्कोर के सामने ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 256 रन बोर्ड पर लगाए। मार्नस लाबुशेन ने इस दौरान 90 रनों की शानदार पारी खेली, मगर उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के सभी बल्लेबाजों ने निराश किया। इस दौरान मेजबान टीम के तेज गेंदबाज मैट हैनरी की धारधार गेंदबाजी देखने को मिली। हैनरी ने इस पारी में कुल 7 शिकार किए।94 रनों से पिछड़ रही न्यूजीलैंड की टीम ने दूसरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 372 रन बोर्ड पर लगाए।

## अब कैसे आरसीबी पहुंचेगी प्लेऑफ में? आखिरी पायदान के लिए यूपी वॉरियर्स से है जंग

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली करीबी हार के बाद आरसीबी की प्लेऑफ की राह थोड़ी कठिन हो गी है। टीम 6 पॉइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर है।




**नई दिल्ली.एजेंसी**

रविवार शाम WPL 2023 के 17वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करीबी मुकाबला गंवाने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। आरसीबी की यह सीजन की चौथी हार है और टीम 7 मैचों के बाद पॉइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर बनी हुई है। अगर आरसीबी वह मैच जीत जाती तो उनका भाग्य उनके हाथों में ही रहता और प्लेऑफ में पहुंचने की उनकी राह भी आसान रहती, मगर अब दिल्ली के खिलाफ मिली हार से मामला थोड़ा गड़बड़ा गया है।डब्ल्यूपीएल 2024 के प्लेऑफ के लिए कुल तीन टीमों को क्वालीफाई करना है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस और मेग लैनिंग की दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ के लिए अपना-अपना टिकट कटा चुकी है। ऐसे में आखिरी पायदान के लिए दो टीमों आरसीबी और यूपी वॉरियर्स के बीच जंग है। देखा जाए तो गुजरात जाएंट्स भी अधिकारिक रूप से टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुआ है, मगर उनके प्लेऑफ में पहुंचने के चांस अन्य दो टीमों से काफी ज्यादा कम है।

**कैसे आरसीबी पहुंच सकती है प्लेऑफ में?**

स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम को अगर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना है तो उन्हें सबसे पहले अपना लीग का आखिरी मुकाबला जीतना होगा। आरसीबी का आखिरी मैच मुंबई इंडियंस से है जो पॉइंट्स टेबल में टॉप करने के लिए इस मैच को जीतने के लिए पूरी जी जान लगा देगी। ऐसे में आरसीबी लिए यह मैच आसान नहीं होने वाला है।

अगर आरसीबी मुंबई को हराने में कामयाब रहती है तो उनके 8 अंक हो जाएंगे और उनके प्लेऑफ में पहुंचने के चांस काफी हद तक बढ़ जाएंगे। दरअसल, आरसीबी का नेट रन रेट यूपी से बेहतर है, ऐसे में अगर यूपी अपने आखिरी मैच में गुजरात को हरा भी देती है तो भी आरसीबी के पास मौका रहेगा। पॉइंट्स टेबल पर एक नजर डालें तो आरसीबी का नेट रन रेट फिलहाल +0.027 का है, जबकि यूपी का -0.365 का।यूपी वॉरियर्स आज यानी 11 मार्च को लीग का अपना आखिरी मैच टूर्नामेंट की सबसे कमजोर टीम गुजरात जाएंट्स के खिलाफ खेलने जा रही है।

## दिल्ली कैपिटल्स ने हासिल किया प्लेऑफ का टिकट, आखिरी स्पॉट के लिए रोमांचक हुई जंग

दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हराकर प्लेऑफ का टिकट कटा लिया है। डीसी प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी है।



**नई दिल्ली.**मेग लैनिंग की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को रोमांचक मुकाबले में 1 रन से हराकर प्लेऑफ का टिकट कटा लिया है। डीसी प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी है। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ का टिकट हासिल किया था। डब्ल्यूपीएल 2024 के नॉकआउट स्टेज के लिए अब सिर्फ एक स्पॉट खाली है और इसके लिए आरसीबी और यूपी के बीच जंग होनी है। दोनों ही टीमें 6-6 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल में क्रमश तीसरे और चौथे पायदान पर है।

**दिल्ली-मुंबई के बीच नंबर-1 बनने की जंग**

दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच नंबर-1 बनने की जंग जारी है। डीसी ने रविवार रात सीजन का अपना 5वां मुकाबला जीत पॉइंट्स टेबल में एक बार फिर टॉप कर लिया है। डीसी और एमआई दोनों के पॉइंट्स टेबल में बराबर 10-10 अंक है, मगर बेहतर नेट रन रेट होने की वजह से दिल्ली कैपिटल्स की टीम टॉप पर है। बता दें, पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली टीम सीधा प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करेगी, वहीं दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम को एलिमिनेटर मुकाबला खेलना पड़ेगा।

**कैसा रहा दिल्ली वर्सेस आरसीबी मुकाबला?**

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने जेमिमा रोड्रिग्स (58) के अर्धशतक और एलिस कैप्सी की 48 रनों की शानदार पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 181 रन बोर्ड पर लगाए थे।

इस स्कोर का पीछा करने उतरी आरसीबी की टीम 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 180 रन तक ही पहुंच पाई। बैंगलोर को इस रोमांचक मुकाबले में मात्र 1 रन से हार का सामना करना पड़ा।आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए 17 रनों की दरकार थी। ऋचा घोष ने शानदार पारी खेल दिल्ली की सांसे बढ़ा दी थी, मगर आखिरी गेंद पर वह रन आउट हुईं जिस वजह से बैंगलोर जीत की रेखा नहीं लांघ पाई।

